संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)
(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)
E_Mail:- registrarsun@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक– 1247/परीक्षा/ई–03/2022 अम्बिकापुर, दिनांक, 05/04/2022

अधिसूचना

समय–सारणी मुख्य वार्षिक परीक्षा सत्र मार्च–अप्रैल 2021–22

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटलनगर रायपुर (छ.ग.) के आदेश क्रमांक एफ 3–33/2020/38–1 दिनांक 28.03.2022 के अनुपालन में कार्यपरिषद के बैठक दिनांक 30.03.2022 के निर्णय अनुसार संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला के वार्षिक परीक्षा सत्र मार्च/अप्रैल 2021–22 के नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी जिन्होने ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फार्म भरा है उनकी परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन/ब्लैण्डेड मोड के माध्यम से आयोजित होगी। चूंकि परीक्षायें ऑनलाइन/ब्लैण्डेड मोड में आयोजित हो रही हैं फलस्वरूप परीक्षार्थियों को पुर्नमूल्यांकन/पुर्नगणना की सुविधा नहीं होगी। परीक्षा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	परीक्षा तिथि का दिन/दिनांक	प्रश्नपत्र डाउनलोड करने का समय	परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिका अपने महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	महाविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका का संग्रहण एवं विश्वविद्यालय को प्रेषण
01	बी.कॉम. – अंतिम वर्ष बी.सी.ए.– अंतिम वर्ष शास्त्री– अंतिम वर्ष बी.ए.– अंतिम वर्ष बी.एस–सी. – अंतिम वर्ष बी.एस–सी. (गृह विज्ञान)–अंतिम वर्ष बी.ए.–बी.एड.– भाग तीन	बुधवार 20.04.2022	10:00 AM	शुक्रवार 29.04.2022 तक	01.05.2022 से 10.05.2022 तक
02	बी.कॉम. – द्वितीय वर्ष बी.सी.ए.– द्वितीय वर्ष शास्त्री– द्वितीय वर्ष बी.ए.– द्वितीय वर्ष बी.एस–सी. – द्वितीय वर्ष बी.एस–सी. (गृह विज्ञान)–द्वितीय वर्ष बी.ए.–बी.एड.– भाग दो	शुक्रवार 22.04.2022	10:00 AM	सोमवार 02.05.2022 तक	
03	बी.कॉम. – प्रथम वर्ष बी.सी.ए.– प्रथम वर्ष शास्त्री– प्रथम वर्ष बी.ए.– प्रथम वर्ष बी.एस–सी. – प्रथम वर्ष बी.एस–सी. (गृह विज्ञान)–प्रथम वर्ष बी.ए.–बी.एड.– भाग एक	सोमवार 25.04.2022	10:00 AM	बुधवार 04.05.2022 तक	
04	बी.पी.ई. –भाग एक,दो, तीन,चार बी.एड.–भाग एक,दो बी.बी.ए.– भाग एक,दो, तीन बी.ए.–बी.एड.– भाग चार डी.सी.ए. पी.जी.डी.सी.ए. पी.जी.डी.बी.एम. डिप्लोमा इन फार्मेसी–भाग एक,दो	बुधवार 27.04.2022	10:00 AM	शुक्रवार 06.05.2022 तक	
05	स्नातकोत्तर पूर्व (वार्षिक) कक्षाओं के समस्त विषयों हेतु – (English, Hindi, Sanskrit, History, Political Science, Sociology, Economics, Geography, M.Com., M.A./M.Sc.-Math) आचार साहित्यम् एवं नव्य व्याकरणम्	शुक्रवार 29.04.2022	10:00 AM	बुधवार 04.05.2022 तक	

Scanned with CamScanner

06	स्नातकोत्तर अंतिम (वार्षिक) कक्षाओं के समस्त विषयों हेतु – (English, Hindi, Sanskrit, History, Political Science, Sociology, Economics, Geography, M.Com., M.A./M.Sc.-Math) आचार साहित्यम् एवं नव्य व्याकरणम्	सोमवार 02.05.2022	10:00 AM	शनिवार 07.05.2022 तक	01.05.2022 से 10.05.2022 तक

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी अपना प्रवेशपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sggcg.in दिनांक 15.04.2022 से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं।
2. प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.sggcg.in प्रातः 10:00 बजे से अपलोड की जावेगी। परीक्षार्थी अपने लॉगिन आईडी (Log in ID) से डाउनलोड कर प्रश्न पत्र प्राप्त कर सकते हैं। तथा महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से भी सम्पर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
3. उत्तरपुस्तिका के लिए छात्र जिस महाविद्यालय से परीक्षा आवेदन फार्म भरे हैं उसी महाविद्यालय से सम्पर्क कर उत्तरपुस्तिका प्राप्त करेंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये उत्तरपुस्तिका का कव्हर पेज विश्वविद्यालय के बेबसाईट में उपलब्ध कराया गया है। परीक्षार्थी A-4 साईज के पेपर में कव्हर पेज चस्पा कर उत्तरपुस्तिका तैयार कर उपयोग कर सकते है।
4. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय द्वारा मुख्य उत्तरपुस्तिका दी जायेगी। इसके अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका की आवश्यकता होने पर अलग से उत्तरपुस्तिका नहीं दी जायेगी। परीक्षार्थी अलग से पेज जोड़ सकते हैं।
5. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय से प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका प्राप्त करना होगा। परीक्षार्थी प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में विश्वविद्यालय के वेबसाईट से अपने (Log in ID) से डाउनलोड कर प्राप्त करने के पश्चात् घर पर लिखकर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में जमा करेंगे।
6. उत्तरपुस्तिका के प्रथम पेज पर निर्धारित कॉलम में परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर, नामांकन क्रमांक सभी कॉलम सही–सही भरेंगे एवं स्पष्ट साफ अक्षरों में लिखेंगे तथा उत्तरपुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर रोल नम्बर, नामांकन क्रमांक, कक्षा/विषय प्रश्नपत्र एंव मोबाइल न. का उल्लेख अवश्य करेंगे।
7. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र वार उत्तरपुस्तिका में उत्तरलिखकर महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में एक बड़े लिफाफा में एक साथ सभी उत्तरपुस्तिका भरकर निर्धारित तिथि में सम्बधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। लिफाफा के कव्हर पेज पर प्रवेशपत्र की एक प्रति चस्पा करेंगे तथा प्रवेशपत्र की दुसरी प्रति में महाविद्यालय से पावती लेकर अपने पास रखेंगे। परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें उत्तरपुस्तिका प्रवेशपत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्र में ही जमा करेंगे। अलग–अलग प्रश्नपत्र के उत्तरपुस्तिका के लिए अलग–अलग लिफाफा बनाने की आवश्यकता नही है।
8. परीक्षार्थी अपनी सुविधा के लिए उत्तरपुस्तिकाओं की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं।
9. उत्तरपुस्तिकायें हस्त लिखित मान्य होंगे। कम्प्यूटर द्वारा टाईप किये गए अथवा छायाप्रति वाले उत्तरपुस्तिकायें मान्य नहीं होंगे तथा उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर परीक्षार्थी को हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। अन्य छात्र के द्वारा लिखे गये उत्तरपुस्तिका जमा करने पर नकल प्रकरण माना जायेगा तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।
10. परीक्षार्थी यदि चाहें तो निर्धारित तिथि के पूर्व भी उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं।
11. ई–मेल से प्रेषित उत्तरपुस्तिकायें मान्य नहीं की जावेगी।

महाविद्यालय के लिए सामान्य निर्देश :– समस्त महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। संबंधित महाविद्यालय के

1. वार्षिक परीक्षा 2021–22 हेतु प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष होंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्तरपुस्तिका संबंधित परीक्षार्थियों को प्रदान करायेंगे तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में उत्तरपुस्तिका का संग्रहण महाविद्यालय के शिक्षकों/कर्मचारियों के माध्यम से कोविड–19 के गाईड लाईन का पालन कर उत्तरपुस्तिका जमा करायेंग। तथा प्रवेशपत्र की एक प्रति में प्रश्नपत्र वार उत्तरपुस्तिका का मिलान कर (✓) कर पावती देकर जमा करायेंगे।
2. परीक्षार्थियों द्वारा उत्तरपुस्तिका महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक कक्षा वार जमा की जायेगी। निर्धारित तिथि के पश्चात् उत्तरपुस्तिका स्वीकार नहीं होगी।
3. महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र देखकर उत्तरपुस्तिका प्रदान किया जावे तथा जमा किया जावे, ताकि अन्य महाविद्यालय के परीक्षार्थी गलती से उत्तरपुस्तिका जमा न कर सकें।

Scanned with CamScanner